दूरभाष : 0651-2445201
0651-2445071

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, धुर्वा, राँची–4

(उच्चतर माध्यमिक विद्यालय)
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद्, दिल्ली से मान्यता प्राप्त

## सूचना पत्रक – सत्र 2021–2022

☛ **सत्रारंभ** : सुन्दरकाण्ड पाठ दिनांक **01.04.2021 (वृहस्पतिवार)** को प्रातः 9:00 बजे प्रारंभ होगा। पाठ के उपरांत हवन–यज्ञ एंव पाठ की पूर्णाहुति के साथ सत्रारंभ होगा। इस अवसर पर सभी भैया–बहन एवं अभिभावकों की उपस्थिति अपेक्षित है। पाठ की पूर्णाहुति के पश्चात् प्रसाद ग्रहण कर वे घर लौट सकेंगे। **01.04.2021** को वाहन का परिचालन नहीं होगा। भैया–बहन अपनी व्यवस्था से विद्यालय आयेंगे। दिनांक **05.04.2021 (सोमवार)** से विद्यालय प्रातःकालीन होगा। वर्तमान में सरकार के आदेशानुसार अष्टम (VIII) से द्वादश (XII) तक की कक्षाए ही चलेंगी। विद्यालय का समय **पूर्वाह्न 8:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे** तक होगा। वाहन तदनुरूप चलेगा।

☛ **भैया–बहनों की उपस्थिति** :–

1. विद्यालय में शत–प्रतिशत उपस्थिति से भैया–बहन अपने शैक्षणिक स्तर को श्रेष्ठ बना सकते हैं। अपरिहार्य कारणों से यदि ऐसा संभव न हो तो **कम से कम 75% उपस्थिति अनिवार्य है।** ऐसा नहीं होने पर वे बोर्ड या विद्यालय की परीक्षाओं में सम्मिलित नहीं हो सकेंगे। प्रत्येक परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व उपस्थिति की समीक्षा होगी तथा अपेक्षित उपस्थिति वाले भैया–बहन ही परीक्षा में बैठ सकेंगे।
2. **अस्वस्थता को छोड़कर** किसी भी अन्य कारण से तीन दिन से अधिक अनुपस्थिति के लिए कक्षाचार्य/प्राचार्य से पूर्व लिखित अनुमति लेना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर कक्षा करने की अनुमति नहीं दी जा सकेगी।
3. अस्वस्थता की स्थिति में स्वस्थ होकर विद्यालय आते ही आवेदन के साथ चिकित्सक का प्रमाण–पत्र एवं दवा की पर्ची का फोटो कॉपी कक्षाचार्य जी को देना अनिवार्य है।

☛ **वेश स्वच्छता एवं समय पालन** :–

1. भैया–बहनों को पूर्ण एवं स्वच्छ वेश में ही विद्यालय आना है। शारीरिक स्वच्छता पर भी ध्यान रखना है। वेश, **मास्क** एवं स्वच्छता की अवहेलना करने पर कक्षा में बैठने की अनुमति नहीं मिलेगी।
2. कक्षा षष्ठ से बहनों का वेश सलवार–कुर्ता होगा।
3. कक्षा दशम तक बहनों को दो चोटी अनिवार्य है। नेल–पॉलिश, काजल एवं मेंहदी लगाकर कक्षा में प्रवेश वर्जित है।
4. **भैया के फूल पैंट में दो प्लेट हो साथ ही पैंट की मोहरी 14 ईंच हो, यह अनिवार्य है।**
5. जूता फीतेवाला हो, नुकीला जूता वर्जित है।
6. सफेद जूता कपड़े का ही होना चाहिए।
7. LKG एवं UKG के भैया–बहनों के लिए बिना फीता वाला (हाफ) काला एवं उजला जूता अनिवार्य हैं।
8. LKG एवं UKG के भैया–बहनों को रूमाल लगाकर आना अनिवार्य हैं।
9. वेश के संबंध में विशेष जानकारी डायरी एवं विद्यालय के वेब साईट (**www.ssvmdhurwaranchi.in**) में अंकित है।
10. **मोबाईल या अन्य इलेक्ट्रोनिक उपकरण विद्यालय में लाना दण्डनीय है।**
11. विद्यालय की संपति को क्षति पहुँचाने पर उसकी क्षतिपूर्ति करने के बाद ही कक्षा में बैठने की अनुमति प्राप्त होगी।
12. भैया–बहनों को निर्धारित समय से **5–10 मिनट** पूर्व आना चाहिए। विलम्ब से आनेवालों को विद्यालय में प्रवेश नहीं मिलेगा।

☛ **नैतिक आचरण, स्वाध्याय, दिनचर्या एवं पुस्तक–पुस्तिका व्यवस्था** :–

❋ **नैतिक आचरण** – नैतिक शिक्षा हमारी शिक्षा पद्धति की विशिष्टता है। इसके अनुसार भैया–बहनों से अपेक्षा की जाती है कि वे **(क)** ब्रह्ममुहूर्त में जगें। प्रातः स्मरण करें तथा प्रतिदिन माता–पिता एवं श्रेष्ठजनों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त करें। विद्यालय में भी आते समय गुरुजनों का चरण–स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त करें।
**(ख)** अपनों से बड़ों के साथ शिष्ट व्यवहार करें। अच्छी बोली ही बोलें। सहपाठियों को भैया/बहन तथा आप कहकर पुकारें। अच्छी संगति में रहें। अनुशासन का पालन करें।

❋ **स्वाध्याय एवं दिनचर्या** – ट्यूशन तथा कोचिंग के लिए अधिक व स्वाध्याय के लिए कम समय देना सफलता को बाधित करता है। देखा गया है कि जो बच्चे स्वाध्याय (Self Study) अधिक करते हैं उनका परीक्षाफल श्रेष्ठ होता है। भैया–बहनों को 5 से 6 घंटा स्वाध्याय में लगाना चाहिए। भैया–बहनों को अपनी दिनचर्या बनाकर उसका अनुपालन करना चाहिए। उपर्युक्त समस्त बातों के सफल क्रियान्वयन में अभिभावकों की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण है। अतः आप अभिभावक बंधुओं से निवेदन है कि इस दिशा में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

❋ **पुस्तक–पुस्तिका व्यवस्था** – भैया–बहनों के पास समुचित पुस्तक–पुस्तिका सत्र के प्रथम दिन से ही उपलब्ध होनी चाहिए। उसपर **ब्राउन जिल्द (प्लास्टिक वाला) लगा होना चाहिए।** सत्र में दो बार बस्ता–वेश प्रतियोगिता कक्षाशः आयोजित होगी तथा प्रत्येक कक्षा में पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले भैया–बहनों को पुरस्कृत किया जाएगा।

❋ **कक्षाशः कॉपियों की संख्या** – सभी कॉपियाँ डीसी साईज की लगभग 180 पेज की होनी चाहिए **(24cmx18cm)**

- <u>L.K.G.</u>: Four Lines copy - 2, Square Lines copy - 2, Double Lines copy - 2 and drawing copy - 1
- <u>U.K.G.</u>: Four Lines copy - 2, Square Lines copy - 2, Double Lines copy - 2, Inter Leaved Four Lines copy- 2 and drawing copy - 1
- **Std I-II** : Four Lines copy - 2, Square Lines copy - 2, Inter Leaved Four Lines copy - 2, Double Lines copy - 2 and drawing copy - 1.
- **Std III** – अंग्रेजी व विज्ञान के लिए Four Lines की कॉपी, गणित के लिए Square Lines तथा शेष विषयों के लिए Single Line की कॉपी चाहिए।
- **कक्षा II से V तक :– एक Double Lines copy (हिन्दी) और Four Lines copy (अंग्रेजी) सुलेख के लिए अनिवार्य है।**
- **Std IV-XII**- सभी विषयों के लिए Single Line की कॉपी चलेगी। (**कक्षा 4 से 10 तक विज्ञान के लिए Inter Leaved Single line copy**)
- **LKG - Std. IX तक प्रत्येक विषयों के लिए एक – एक Test Copy (Periodic Test के लिए) अनिवार्य है।**

## ❋ शुल्क जमा करने का प्रावधान –

1. 1 से 25 तारीख तक प्रत्येक कार्य–दिवस को **पूर्वाह्न 8.30 बजे से दोपहर 12:00 बजे** तक शुल्क जमा किया जा सकता है। **शुल्क विद्यालय के वेब साइट ssvmdhurwa.in पर दिनांक 5 अप्रैल 2021 से जमा किया जा सकता है। भैया–बहनों के माध्यम से शुल्क नहीं भेजा जाय।**
2. प्रत्येक माह का शुल्क उसी माह में जमा करना अनिवार्य है। वर्तमान माह में शुल्क जमा नहीं होने पर अगले माह में 50 रूपए विलम्ब दण्ड के साथ शुल्क जमा किया जा सकता है। किन्तु यदि अगले माह में भी शुल्क जमा नहीं होता है तो तीसरे माह में उपस्थिति पंजी से छात्र का नाम पृथक् हो जायेगा तथा कक्षा करने की अनुमति पुनः प्रवेश शुल्क 100 रूपया के साथ बकाया शुल्क जमा करने के पश्चात् ही मिल सकेगी।
3. वार्षिक शुल्क **20 अप्रैल 2021** तक जमा करना अनिवार्य है। **इस तिथि तक वार्षिक शुल्क जमा नहीं होने पर उनके स्थान पर नवीन नामांकन लिया जा सकता है।**
4. **कक्षा दशम एवं द्वादश** को छोड़कर शेष कक्षाओं के खण्ड़ों **(Sections)** का आवंटन **पहले आओ पहले पाओ** के आधार पर किया जाएगा। **प्रत्येक खण्ड में भैया–बहनों की संख्या 40 रहेगी।**
5. वार्षिक शुल्क जमा करते समय प्रगति पत्रक **(Progress Report)** साथ में लाना अनिवार्य है। इसके बिना किसी भी स्थिति में शुल्क जमा नहीं होगा।
6. प्रत्येक परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व उस माह के शुल्क के साथ पिछला सम्पूर्ण बकाया शुल्क जमा करना अनिवार्य है। शुल्क जमा नहीं होने पर परीक्षा में नहीं बैठ सकेंगे। **मई–जून का शुल्क मई माह में तथा फरवरी–मार्च का शुल्क फरवरी माह में ही देय है।**
7. कक्षा एकादश एवं द्वादश के लॉज में रहने वाले भैया **15 से 25 तारीख** के बीच शून्यकालांश में शुल्क स्वयं जमा कर सकते हैं।

## ☛ वाहन व्यवस्था –

1. वाहन सुविधा सत्रांत तक के लिए उपलब्ध होगी अर्थात एक बार वाहन सुविधा प्राप्त करने के बाद सत्रांत के पश्चात् ही उसे छोड़ा जा सकता है। बीच में विद्यालय परित्याग करने की स्थिति में ही छोड़ा जा सकता है।
2. **वाहन शुल्क 11 माह का ही देय है।**
3. प्रत्येक भैया/बहन को वाहन का प्रयोग करते समय विद्यालय द्वारा निर्गत **Bus Pass** अपने साथ लेकर चलना अनिवार्य है।
4. एक क्षेत्र में रहने वाले भैया/बहनों का बस पड़ाव एक ही निर्धारित रहेगा। निर्धारित बस पड़ाव तक भैया/बहनों को लाने एवं ले जाने की व्यवस्था अभिभावक स्वयं करेंगें।
5. वाहन से आते–जाते यदि भैया/बहन अनुशासन भंग करते हैं, वाहन को क्षति पहुँचाते हैं तो वाहन सुविधा समाप्त कर दी जायेगी तथा क्षतिपूर्ति के साथ पूरे सत्र का वाहन शुल्क देय होगा।

☛ **XI वीं का विज्ञान एवं वाणिज्य का सत्रारम्भ**- दिनाक **16/08/2021 (सोमवार)** से प्रारंभ होगा।

### शुल्क विवरण (अध्ययनरत भैया–बहनों के लिए)

| शुल्क | UKG | I | II | III | IV - V | VI - VIII | IX - X | XI | | XII | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | Science | Commerce | Science | Commerce |
| वार्षिक | 4,300/- | 4,650/- | 5,000/- | 5,850/- | 5,850/- | 7,450/- | 8,850/- | 15,800/- | 14,100/- | 13,400/- | 11,700/- |
| मासिक | 850/- | 1,000/- | 1,200/- | 1,200/- | 1,450/- | 1,550/- | 1,950/- | 2,400/- | 2,400/- | 2,400/- | 2,400/- |
| अप्रैल में देय | 5,150/- | 5,650/- | 6,200/- | 7,050/- | 7,300/- | 9,000/- | 10,800/- | 18,200/- | 16,500/- | 15,800/- | 14,100/- |

**विशेष : शेष सूचनायें कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।**

भवदीय

प्राचार्य